**Harayan**

**(Ambala)**

# Ptc electronic



जगमार्ग

# विश्व रिकार्ड बनाने के लिए 15,000 विद्यार्थियों ने बनाई 'वी आर ड्रग फ्री' मानव आकृति बनाई




**अंबाला (जगमार्ग न्यूज)।** अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर द कलगीधर ट्रस्ट द्वारा संचालित 121 अकाल अकादमी विद्यालयों के 15,000 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान में एक विशेष नशा जागरूकता अभियान में भाग लिया ।सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने एक साथ अपने-अपने परिसर में एकत्र होकर वी आर ड्रग फ्री (हम नशामुक्त हैं) की मानव आकृतिबनाकर नशे से दूर रहने का संकल्प दोहराया। यह गतिविधिवर्ल्डबुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में दर्ज होने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इस वर्षभर चलाए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रमों, मूल्य-आधारित शिक्षा, परामर्शसेवाओं तथा निवारक गतिविधियों के माध्यम से हमारे विद्यालय नशामुक्त परिसर बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।' द कलगीधर ट्रस्ट अपने शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से नशा निवारण एवं सामाजिक जागरूकता अभियानों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। अकाल अकादमी के विद्यार्थियों ने पूर्वमें भी इसी प्रकार के व्यापक जन जागरूकता अभियानों के माध्यम से दो विश्व रिकॉर्डतथा एक लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स सम्मान प्राप्त करने में महत्वपूर्णयोगदान दिया है।

पंजाब केसरी

SUN,28 JUNE 2026
EDITION: AMBALA KESARI, PAGE NO. 4

# अकाल एकैडमी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विशेष नशा जागरूकता अभियान में लिया भाग

अम्बाला, 27 जून (बलराम): अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर द कलगीधर ट्रस्ट द्वारा संचालित 121 अकाल एकैडमी विद्यालयों के 15 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान में एक विशेष नशा जागरूकता अभियान में भाग लिया।

इस दौरान प्रात: 8 बजे सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने एक साथ अपने-अपने परिसर में एकत्र होकर हम नशामुक्त हैं, कि मानव आकृति बनाकर नशे से दूर रहने का संकल्प दोहराया। बता दें कि यह गतिविधि वर्ल्ड बुकऑफरिकॉर्ड्स, लंदन में दर्ज होने के उद्देश्य से आयोजित की गई। जिला अम्बाला के विद्यालयों में से अकाल अकादमी होली बराड़ा के 32 व अकाल एकैडमी माजरी के 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया।




*मानव आकृति बनाकर नशे से दूर रहने का संकल्प दोहराते विद्यार्थी। (संजय)*

इस अवसर पर अकाल एकैडमी माजरी की प्रधानाचार्या रामिंदरजीत कौर ने कहा कि यह पहल हमारे विद्यार्थियों की नशामुक्त समाज के प्रतिप्रतिबद्धता को दर्शाती है। वर्षभर चलाए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रमों, मूल्य-आधारित शिक्षा, परामर्शसेवाओं तथा निवारक गतिविधियों के माध्यम से हमारे विद्यालय नशामुक्त परिसर बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

द कलगीधर ट्रस्ट अपने शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से नशा निवारण एवं सामाजिक जागरूकता अभियानों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। अकाल एकैडमी के विद्यार्थियों ने पूर्व में भी इसी प्रकार के व्यापक जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से दो विश्व रिकॉर्डतथा एक लिम्का बुक ऑफरिकॉर्ड्स सम्मान प्राप्त करने में महत्वपूर्णयोगदान दिया है। यह अभियान युवाओं को नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करने तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्णकदम है।